I/473201/2024

महत्वपूर्ण/गोसंरक्षण

संख्या–85/सैंतीस–2–2024–5(53)18टी0सी0–5

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक,
प्रशासन एंव विकास,
पशुपालन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक,
स्थानीय निकाय, नगर विकास विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

पशुधन अनुभाग–2 लखनऊ :: दिनांक 16 जनवरी, 2024

विषयः–अवशेष निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु चलाये जा रहे **विशेष अभियान** की अवधि दिनांक 31.01.2024 तक बढ़ाये जाने के संबंध में

महोदय,

आप अवगत हैं कि निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं भरण पोषण हेतु सरकार का दृढ़ संकल्प है। निराश्रित गोवंश को शत–प्रतिशत संरक्षित किये जाने हेतु शासनादेश संख्या–2562/सैंतीस–2–2023–5(53)18टी0सी0–5 दिनांक 31.10.2023 द्वारा दिनांक 01.11.2023 से दिनांक 31–12–2023 तक **विशेष अभियान** संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया था। अग्रेतर शासनादेश दिनांक 01.01.2024 द्वारा उक्त अभियान को दिनांक 16.01.2024 तक बढ़ाया गया। यद्यपि अभियान अवधि में लक्षित 228520 के सापेक्ष 223235 निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया जा चुका है किन्तु पशुपालकों द्वारा नियमित रूप से अपने अनुपयोगी गोवंशों को छोड़े जाने के कारण निराश्रित गोवंशों की संख्या निरन्तर बढ़ती रहती है, जिनका संरक्षण आवश्यक है।

2– अतः निराश्रित गोवंश को संरक्षित किये जाने हेतु शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त **विशेष–अभियान** को दिनांक 31.01.2024 तक बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है।

3– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 रजनीश दुबे)
अपर मुख्य सचिव।

Digitally Signed by सचिव
रजनीश दुबे
Date: 16-01-2024 13:15:09
Reason: Approved

संख्या–85(1)/सैंतीस–2–2024 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

2— अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
3— विशेष कार्याधिकारी, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4— अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन।
5— अपर मुख्य सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
6— प्रमुख सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।
7— प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
8— प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
9— पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
10— गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव।